प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 16.02.2026

भारत AI इम्पैक्ट समिट 2026 में राज्य निर्वाचन आयोग की ऐतिहासिक पहल:

- राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार गर्व के साथ भारत AI इम्पैक्ट समिट 2026 में चुनाव प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित नवाचारों को प्रस्तुत कर रहा है।
- पहली बार चुनाव प्रबंधन में AI तकनीक का समावेश कर पारदर्शिता, सुरक्षा और समावेशिता को नई दिशा दी जा रही है।
- राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक 'भारत AI इम्पैक्ट समिट 2026' में अपनी अत्याधुनिक AI चुनावी तकनीकों का प्रदर्शन कर रहा हैं।

प्रमुख तकनीकी आकर्षण:

- AI आधारित ई-वोटिंग: वरिष्ठ नागरिकों (80+), दिव्यांगजनों (PwD's) और गर्भवती महिलाओं के लिए घर बैठे सुरक्षित मतदान की सुविधा।
- AI आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम (FRS): मतदान केंद्र पर सटीक पहचान, जिससे फर्जी मतदान (Bogus Voting) पूरी तरह रुकता है।
- AI आधारित OCR मतगणना प्रणाली: मतगणना के दौरान डेटा का रियल-टाइम डिजिटाइजेशन एवं ऑटो टेबुलशन माध्यम से रिज़ल्ट प्रदर्शित करता है, जो प्रक्रिया को तेज और त्रुटिहीन बनाता है।

आयोग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और समावेशी बनाना है। यह पहल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा AI आधारित ई-वोटिंग, एफआरएस एवं ओसीआर से संबंधित **AI इम्पैक्ट समिट 2026** में आयोजित स्टॉल का अवलोकन (विज़िट) करने हेतु, इच्छुक व्यक्ति **AI इम्पैक्ट समिट 2026** की आधिकारिक वेबसाइट अथवा दिए गए लिंक https://impact.indiaai.gov.in/registration पर क्लिक कर पंजीकरण कर सकते हैं।

16/2/26

उप सचिव

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

Scanned with OKEN Scanner